181 पर शिकायत करने वाले की हत्या

मोहनगढ़ पुलिस ने हत्या की घटना का किया खुलासा

आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया था घटना को अंजाम

नवभारत न्यूज,
टीकमगढ़/ मोहनगढ़।

मोहनगढ़ थाना क्षेत्र के कंचनपुरा गांव में 60 वर्षीय बुजुर्ग घनसू प्रजापति की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि हत्या की वजह गांव के एक झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ की गई सीएम हेल्पलाइन की शिकायत बनी। शिकायत से नाराज होकर मुख्य आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, 1 जुलाई की रात घनसू प्रजापति अपने घर पर परिवार के साथ मौजूद थे। इसी दौरान आरोपियों ने घर पहुंचकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में घनसू प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि उनकी पत्नी, बेटा, बहू और 5 वर्षीय नाती भी घायल हुए। हमलावरों के जाने के बाद घायल बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और मृतक के परिजनों के बयान दर्ज किए। प्रारंभिक जांच के बाद हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।जांच के दौरान सामने आया कि मृतक घनसू प्रजापति ने गांव के झोलाछाप डॉक्टर प्रकाश कुशवाहा के खिलाफ गलत इलाज करने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराई थी। शिकायत के कारण दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक घनसू प्रजापति ने गांव के झोलाछाप डॉक्टर प्रकाश कुशवाहा के खिलाफ गलत इलाज को लेकर सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद डॉक्टर प्रकाश कुशवाहा ने घनसू प्रजापति की हत्या की साजिश रची। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर मोहनगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया था। पीड़ित परिवार के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं, जिनमें 103(1), 309(1), 296(बी), 315(2), 118(1), 351(3), 191(2), 191(3), 190 बीएनएस और एससी-एसटी एक्ट की धाराएं 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(वी) शामिल हैं, के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियों की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई थीं।

पांचों आरोपियों को भेजा जेल

पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी प्रकाश कुशवाहा 36 वर्ष पिता हरिसिंह कुशवाहा, चंद्रभान कुशवाहा 42 वर्ष पिता हरिसिंह कुशवाहा, दोनों निवासी ग्राम ककरेला, थाना बार जिला ललितपुर, उत्तर प्रदेश, खुशीराम यादव 48 वर्ष पिता घनश्याम यादव और रामराजा यादव 25 वर्ष, पिता खुशीराम यादव दोनों निवासी पटनापुर और विद्याधर यादव 58 वर्ष पिता कमल यादव निवासी कुंवरपुरा को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

कलेक्टर ने परियोजना स्थल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। ग्राम पंचायत धजरई में समेकित एग्रो टूरिज्म प्रोजेक्ट के तहत विकास कार्य किए जाएंगे। शनिवार को कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने अधिकारियों के साथ परियोजना स्थल का निरीक्षण किया। इस परियोजना में गौशाला, चारागाह और गोबर गैस प्लांट सहित कई विकास कार्य प्रस्तावित हैं।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने और चारागाह के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई लगभग 100 एकड़ शासकीय भूमि पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से यह बहुउद्देशीय परियोजना विकसित की जाएगी।परियोजना का मुख्य उद्देश्य गौसेवा, प्राकृतिक खेती, कृषि वानिकी, जल संरक्षण और ग्रामीण पर्यटन को एकीकृत कर रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर सृजित करना है।इस परियोजना के अंतर्गत पशुपालन विभाग गौशाला का संचालन करेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग हरे चारे और नेपियर घास के उत्पादन के लिए चारा विकास प्लांट स्थापित करेगा। साथ ही, गोबर गैस प्लांट की स्थापना कर जैविक संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जाएगा।कृषि विभाग द्वारा मौसमी फसलों के साथ कृषि वानिकी तकनीकों पर आधारित मौसमी वन विकसित किए जाएंगे। एक कृषि प्रोसेसिंग हब की स्थापना भी प्रस्तावित है। जल संसाधनों के विकास और सिंचाई व्यवस्था का दायित्व वाटरशेड विभाग निभाएगा, जबकि मत्स्य विभाग भी अपनी विभागीय योजनाओं के माध्यम से आवश्यक विकास कार्य करेगा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, जनपद पंचायत सीईओ मनीष शेंडे, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आरके जैन, मेघा गुप्ता, ग्राम पंचायत धजरई के सरपंच मुन्नीलाल यादव, पंचायत सचिव सहित संबंधित विभागों के एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भगवान की यात्रा को लेकर जानकारी की साझा

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शहर में 24 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ इस्कॉन द्वारा लगातार चौथी बार इस धार्मिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति ने इस वर्ष की तैयारियों और यात्रा के रूट का पूरा विवरण साझा किया।

इस रथ यात्रा के लिए भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विशेष प्रतिमाएं जगन्नाथपुरी से टीकमगढ़ लाई जा रही हैं। इसके साथ ही, इस्कॉन मंदिर उज्जैन से एक आधुनिक हाइड्रोलिक रथ और संत प्रभुपाद की मूर्ति भी इस यात्रा में शामिल होने के लिए विशेष रूप से मंगवाई जा रही है।रथ यात्रा 24 जुलाई को दोपहर 3 बजे ब्राह्मण कॉलोनी के जागेश्वर धाम मंदिर से शुरू होगी। यह शहर के अस्पताल चौराहा, सिविल लाइन रोड, मिश्रा तिराहा, लोकमान्य चौराहा, नजाई बाजार, कटरा बाजार, हवेली रोड, ताल दरवाजा, पपौरा चौराहा और स्टेट बैंक से होते हुए श्री नजरबाग मंदिर पहुंचेगी।नजरबाग मंदिर में महा आरती और संकीर्तन के बाद भगवान को 56 भोग का प्रसाद लगाया जाएगा।

दीक्षारंभ समारोह

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्राचार्य डॉ शशि प्रभा जैन के मार्गदर्शन में 3 दिवसीय दीक्षारंभ समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत एक जुलाई को नए प्रवेशित विद्यार्थियों को पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेलकूद, आईटी संरचना एवं ई-लाइब्रेरी से परिचित करवाया गया, 2 जुलाई को एनसीसी, एनएसएस, एंटी-रैगिंग, महिला सुरक्षा, छात्र आचरण, युवा उत्सव, खेलकूद आदि की जानकारी दी गई तथा 3 जुलाई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, एकेडमिक बैंक आफ क्रेडिट, विषय चयन पर चर्चा हुई।

आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

नवभारत न्यूज

पलेरा। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। थाना क्षेत्र के ग्राम कछौरा में खेत पर काम कर रहे 45 वर्षीय किशन अहिरवार की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि किशन अहिरवार खेत पर मौजूद थे, तभी अचानक तेज गर्जना के साथ बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन और ग्रामीण तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराई जा रही है।लगातार हो रही बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं के बीच प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, खेतों और पेड़ों के नीचे जाने से बचने तथा सतर्क रहने की अपील की है। इन दिनों ऐसे मामले सामने आ रहे है।

उर्वरकों को लेकर बनाई रणनीति

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। उर्वरको की अवैध विक्रय अनाधिकृत भंडारण, कालाबाजारी तथा नकली, मिलावटी उर्वको के निर्माण की संभावना अनुदानित उर्वरकों यूरिया आदि का अनाधिकृत औद्योगिक उपयोग की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए, इन अवैध गतिविधियों की रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु सूचना दाता प्रोत्साहन योजना लागू गई है।

अब प्रशासन खाद को लेकर सख्त दिखाई दे रहा है। जिसके लिए सभी तैयारियों हो चुकी है।

समर कैंप के तहत मेला का आयोजन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले के सभी 44 सेक्टरों में समर कैंप के अंतर्गत स्कूल रेडीनेस मेला एलआरएम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों को रंग-बिरंगी सजावट से आकर्षक रूप दिया गया, जिससे बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

जिले के ग्रामीण सेक्टर अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र मानिकपुरा में आयोजित मेले में बच्चों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास तथा फीडबैक सहित कुल छह स्टॉल लगाए गए। स्वयंसेवकों द्वारा खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सीखने का आनंददायक अनुभव प्रदान किया गया। मेले में बच्चे अपने माता-पिता, दादा-दादी एवं अन्य परिजनों के साथ उत्साहपूर्वक शामिल हुए। अभिभावकों ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हुए देखा तथा उनकी सीखने की क्षमता, आत्मविश्वास उत्साह की सराहना की।

शहर की जर्जर हो रही सड़कें

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। नगर पालिका के अधूरे निर्माण कार्य लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। बस स्टैंड रोड पर एक युवक बाइक सहित गड्ढे में गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

यह घटना अंबेडकर चौराहा से बस स्टैंड तक चल रहे सड़क मरम्मत कार्य के दौरान हुई। बस स्टैंड के पास पशु अस्पताल के सामने सड़क पर एक बड़ा गड्ढा था, जिसे काम के दौरान भरा नहीं गया और न ही उसके चारों ओर कोई सुरक्षा घेरा लगाया गया था। पिछले 24 घंटे की बारिश के बाद गड्ढे में पानी भर गया, जिससे उसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग सका और बाइक सवार उसमें गिर गया। इसी तरह सुभाष पुरम कॉलोनी में भी बारिश से पहले शुरू की गई अंडरग्राउंड पाइपलाइन का काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। बारिश के बाद सड़क पर कीचड़ और दलदल जैसी स्थिति बन गई है, जिससे लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी हो रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह काम समय पर पूरा होना चाहिए था।

मछली शिकार प्रतिबंधित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य में मध्य प्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित किया गया है।

मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित है एवं संज्ञेय दण्डनीय अपराध है। इस नियम का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार अथवा दोनों से दण्डित किया जाएगा।

जैन मंदिर के धार्मिक अनुष्ठान में पहुंचे भक्त

नवभारत न्यूज

खरगापुर। बल्देवगढ़ के स्थानीय चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में बीते दिन से आयोजित चार दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठान का गुरुवार को भक्तिभाव और अभूतपूर्व उल्लास के साथ समापन हो गया। परम पूज्य आचार्य विवेकसागर महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में आयोजित इस महोत्सव मे मंदिर जी के गगनचुंबी शिखरों पर विधि-विधानपूर्वक भव्य कलशारोहण संपन्न हुआ, जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

महोत्सव के मुख्य आकर्षण कलशारोहण के तहत चंद्रप्रभु जिनालय के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित करने का सौभाग्य अरुण जैन शिक्षक मंजु जैन, प्रसून जैन प्रमेश जैन कल्पना जैन, प्रतीक जैन , स्वरूप चंद्र माणिकचंद सुरेश जैन सपरिवार को प्राप्त हुआ।

तकनीक विषय पर किसानों को दी सलाह

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा अन्न फसलों की उत्पादन तकनीक और भोजन में उनके महत्व पर किसानों को सलाह दी गई हैं।

केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एव प्रमुख डॉ. बीएस किरार, केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.एसके जाटव द्वारा धान्य बाजरा, ज्वार, रागी, साँवा, कोदो, कंगनी, कुटकी, चीना आदि की वैज्ञानिक खेती के प्रमुख बिंदुओं अपना कर इनकी जैविक या प्राकृतिक खेती अर्थात् बिना रासायनिक उर्वरक और दवायों की खेती करने की सलाह दी।

नपा के अधिकारी पहुंचे कार्य का जायजा लेने

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। नगर पालिका के वार्ड नंबर 17 में घटिया सड़क निर्माण का मामला सामने आने के बाद शुक्रवार को शाम करीब 4 बजे नगर पालिका की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान प्रभारी अध्यक्ष अंजली शर्मा और सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने मौके पर पहुंचकर खराब गुणवत्ता वाले निर्माण पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने ठेकेदार को सात दिन के भीतर सड़क की मरम्मत कराने का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि यदि मरम्मत नहीं कराई गई, तो ठेका निरस्त कर संबंधित राशि जब्त कर ली जाएगी। सड़क बना रहे ठेकेदार और इंजीनियर भी मौजूद रहे। यह मामला वार्ड नंबर 17 का है, जहां लगभग छह माह पहले बनाई गई सड़क उखड़ गई है और इसके बड़े हिस्से में दरारें आ गई हैं। इस सड़क निर्माण का ठेका टीकमगढ़ की तिरुपति कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। नगर पालिका इंजीनियर अजय दीक्षित के अनुसार, इस परियोजना के लिए 22 लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया था। इसमें से 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है ।

10 जुलाई तक कराएं मान्यता का नवीनीकरण

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए अशासकीय विद्यालयों की मान्यता नवीनीकरण एवं नवीन मान्यता प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन लॉक करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई निर्धारित की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 20 जनवरी 2026 किया गया था। इसके बावजूद कुछ अशासकीय विद्यालयों द्वारा निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन आवेदन लॉक नहीं किए जा सके हैं। छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए विलंब शुल्क सहित आवेदन लॉक करने की अंतिम तिथि में पुन: वृद्धि कर 10 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। संबंधित अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि 10 जुलाई 2026 के बाद मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी तथा अन्य सभी निर्देश पूर्ववत प्रभावशील रहेंगे। शिक्षा के अधिकार नियमों के अनुसार यदि कोई विद्यालय निर्धारित समयावधि में विहित प्रक्रिया के अनुरूप ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत नहीं करता है।

मच्छरों से फैल रही बीमारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

शिकायत पलेरा नगर के वार्ड क्रमांक 4 का मामला

ठेकेदार के खिलाफ लोगों ने खोला मोर्चा, पुलिस में शिकायत

नवभारत न्यूज

पलेरा। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के अंतर्गत आने वाले पलेरा क्षेत्र में विकास कार्यों की पोल खुलती नजर आ रही है। ताजा मामला पलेरा के वार्ड क्रमांक 04 का है, जहां नवनिर्मित सीसी रोड निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। निर्माण के बमुश्किल 4 माह भी पूरे नहीं हुए हैं कि सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। घटिया निर्माण और ठेकेदार द्वारा खुलेआम मनमानी करने से स्थानीय वार्डवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। 4 माह में ही टूटी सड़कवार्डवासियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। इस मामले को लेकर लोगों ने पुलिस में शिकायत की है।

निर्धारित मानकों और नियमों को ताक पर रखकर कहीं-कहीं सीसी सड़क की मोटाई मात्र 10 से 15 फीट या मानक के विपरीत बहुत कम ही डाली जा रही है। सड़क निर्माण को अभी चार महीने भी पूरे नहीं हुए हैं कि घटिया सामग्री और खराब गुणवत्ता के कारण यह जगह-जगह से दरकने और उखड़ने फरने लगी है ठेकेदार की दबंगई और जान से मारने की धमकीजब क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने ठेकेदार से नालियों के निर्माण और घटिया सड़क की गुणवत्ता को लेकर सवाल किया, तो वे जिम्मेदार होने के बजाय आक्रोशित हो गए। ठेकेदार पर वार्डवासियों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने और गाली-गलौज करने के गंभीर आरोप लगे हैं। इतना ही नहीं, ठेकेदार द्वारा सड़क का अधूरा काम बंद करने और विरोध करने पर जान से मारने तक की धमकी दी जा रही है।

सरकारी धन के दुरुपयोग की जांच की मांगघटिया निर्माण और ठेकेदार की दादागिरी से परेशान होकर समस्त वार्डवासियों ने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है। 4 माह में ही टूटी सड़कवार्डवासियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं।

ठेकेदारों को दिए सख्त निर्देश

नगर के विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं गायत्री विनोद वर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष पलेरा नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती गायत्री विनोद वर्मा ने स्पष्ट किया है कि नगर के विकास और निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने इसके लिए ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए हैं।

योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ में प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीएस किरार के मार्गदर्शन में साथ ही केंद्र के वैज्ञानिको द्वारा खरीफमौसम में दलहनी फसलों की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने एवं फसल विविधिकारण के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना अंतर्गत आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के कृषि कल्याण एव कृषि विकास विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी।

प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बीएस किरार द्वारा खरीफदलहनी फसलों जैसे उड़द, मूंग एवं अरहर की उन्नत उत्पादन तकनीकों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। केंद्र के वैज्ञानिक एव कार्यक्रम प्रभारी डॉ.एस.के.जाटव द्वारा खरीफ में दलहन उत्पादन के लिए उन्नत एवं क्षेत्रानुकूल किस्मों का चयन करें जैसे उर्द की किस्में आई.पी.यू. 13-1, प्रताप उर्द, टीजेयू-339, कोटा उर्द-3 एव इंद्रा उर्द एक मूंग की प्रमुख उन्नत किस्में एम.एच.-1142, आईपीएमकृ0 2-3 , पूसा विशाल, एचयूएम.दृ16, सम्राट, सोयाबीन की उन्नत टी.के.जी. 303, जीटी. 4 का चुनाव करें।